भारत सरकार
अंतरिक्ष विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 3969

बुधवार, 17 जुलाई, 2019 को उत्तर देने के लिए
चन्द्रयान-II

3969. डॉ॰ एम॰ के॰ विष्णु प्रसाद :
श्री कीर्ति वर्धन सिंह :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) चन्द्रयान-II मिशन का ब्यौरा क्या है;

(ख) इस मिशन के अंतर्गत यात्रा की शुरुआत कब तक होने की उम्मीद है;

(ग) चन्द्रमा पर अंतरिक्ष यान को सुगमता से उतारने के लिए क्या युक्ति बनाई गई है; और

(घ) ठहरने के दौरान संचार और फोटो इमेज की क्या योजना तैयार की गई है?

उत्तर
कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय
तथा प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री
(डॉ. जितेन्द्र सिंह) :

(क) चंद्रयान-2 मिशन इसरो का दूसरा चंद्र मिशन है। इसका मुख्य लक्ष्य चंद्रमा पर कोमलता से अवतरण का प्रदर्शन करना है। मिशन में आर्बिटर, लैंडर (विक्रम) और रोवर (प्रज्ञान) है।

(ख) चंद्रयान-2 मिशन को 15 जुलाई, 2019 को प्रक्षेपित करने की योजना बनाई गई थी। तथापि, प्रक्षेपण यान प्रणाली में तकनीकी खराबी का पता चलने के बाद चंद्रयान-II का प्रक्षेपण स्थगित किया गया। इस संबंध में निर्णय हो जाने के बाद संशोधित प्रक्षेपण तिथि की घोषणा की जाएगी।

(ग) चंद्रमा पर अंतरिक्ष यान को कोमलता से उतारने हेतु सभी आवश्यक युक्तियां और मिशन प्रबंधन रणनीति बनाई गई है। इनकी समीक्षा की गई है और इन्हें अंतिम रूप दिया गया है।

(घ) अंतरिक्ष यान के पड़ाव हेतु संचार लिंको और नेटवर्कों की योजना तैयार की गई है। चंद्रमा की कक्षा में पहुंचने और अवतरण के बाद फोटो इमेज लेने की योजना तैयार की गई है।

***